जालंधर, सोमवार 25 मार्च 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



# वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**

मैले और गंदे कपड़े से यदि हमें शर्म आती है, तो गंदे और मैले विचारों से भी हमें शर्माना चाहिए।

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# लंदन में खालिस्तान समर्थक सांसद से मिले राघव चड्ढा?

## भाजपा ने सुनीता केजरीवाल से पूछे सवाल



ऑनलाइन डेस्क, नई दिल्ली। एक तरफ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, ब्रिटिश लेबर सांसद प्रीत गील से मुलाकात को लेकर आम आदमी पार्टी (AAP) के सांसद राघव चड्ढा घेरे में आ गए है। दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने शनिवार को इस मुलाकात पर आपत्ति जताई है। प्रीत गील खालिस्तान अलगाववाद की वकालत करने और सामाजिक तौर पर भारत विरोधी भावनाओं को भड़काने वाली नेता है। बीजेपी ने खालिस्तानी समर्थक से मिलने को लेकर आप सांसद की निंदा की है।

**बाकी शेष पृष्ठ 2 पर**

## होली की हार्दिक शुभकामनाएं

होली की वंदे भारत 24 परिवार की ओर से सभी पाठकों को बहुत-बहुत बधाई। होली के उपलक्ष्य में हमारे सभी कार्यालय, उप कार्यालय में अवकाश रहेगा। इसलिए आपको आपके प्रिय समाचारपत्र का अगला अंक 27 मार्च, 2024 बुधवार को मिलेगा










Hakim Tilak Raj Kapoor Hospital






आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247






# कंगना को मंडी, अरुण गोविल को मेरठ से टिकट...

## बीजेपी की पांचवीं लिस्ट जारी

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** भारतीय जनता पार्टी ने आज उम्मीदवारों की पांचवीं लिस्ट जारी कर दी है. लिस्ट में कुल 111 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं. बीजेपी ने बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत को हिमाचल के मंडी से टिकट दिया है, जबकि यूपी की मेरठ सीट से अरुण गोविल को उम्मीदवार घोषित किया है. पार्टी ने इस बार पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी, गाजियाबाद से जनरल वीके सिंह का टिकट काट दिया है. बीजेपी ने वरुण गांधी की जगह जितिन प्रसाद जबकि वीके सिंह की जगह अतुल गर्ग को टिकट दिया है.

बीजेपी की पांचवी लिस्ट में यूपी की 13 लोकसभा सीटों के साथ-साथ आंध्र प्रदेश की 6 सीट, बिहार की 17 सीट, गोवा की एक सीट, गुजरात की 6 सीट, हरियाणा की 4 सीट, हिमाचल प्रदेश की 2 सीट, झारखंड की 3 सीट, कर्नाटक और केरल की 4-4 सीट, महाराष्ट्र की 3 सीट, मिजोरम की एक, ओडिशा की 18 सीट, राजस्थान 7 सीट, सिक्किम की एक सीट, तेलंगाना की 2 सीट, पश्चिम बंगाल की 19 सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए गए हैं.

### यूपी की इन 13 सीटों पर उम्मीदवार घोषित

उत्तर प्रदेश की बात करें तो बीजेपी ने सहारनपुर से राघव लखनपाल, मुरादाबाद से सर्वेश सिंह, मेरठ से अरुण गोविल, गाजियाबाद से अतुल गर्ग, अलीगढ़ से सतीष गौतम, हाथरस से अनू वाल्मीकि, बदायूं से दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार, पीलीभीत से जितिन प्रसाद, सुल्तानपुर से मेनका गांधी, कानपुर से रमेश अवस्थी, बाराबंकी से राजरानी रावत, बहराईच से डॉ अरविंद गोंड को टिकट दिया है.

### बिहार की बेगुसराय सीट से गिरिराज सिंह को टिकट

वहीं, बिहार की पश्चिम चंपारण सीट से डॉ. संजय जयसवाल, पूर्वी चंपारण से राधा मोहन सिंह, मधुबनी से अशोक कुमार यादव, अररिया से प्रदीप कुमार



सिंह, दरभंगा से गोपाल जी ठाकुर, जफ्फरपुर से राज भूषण निषाद, महाराजगंज से जर्नादल सिंह सिग्रीवाल, सारण सीट से राजीव प्रताप रुडी, उजियारपुर से नित्यानंद राय, बेगुसराय से गिरिराज सिंह, पटना साहिब से रविशंकर प्रसाद, पाटिलपुत्र से राम कृपाल यादव, आरा से आरके सिंह, बक्सर से मिथलेश तिवारी, सासाराम से शिवेश राम, औरंगाबाद से सुशील कुमार सिंह और नवादा सीट से विवेक ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है.

### पश्चिम बंगाल

भाजपा ने पश्चिम बंगाल की 19 सीटों पर नाम का ऐलान कर दिया है. इनमें जलपाईगुड़ी से जयंत राय, दार्जिलिंग से राजू बिष्ट, रायगंज से कार्तिक पॉल, जंगीपुर से धनंजय घोष, कृष्णानगर से Amrita Rai, बैरकपुर से अर्जुन सिंह, दमदम से शिल भद्र दत्त, बारासात से स्वपन मजूमदार, बशीरहाट से रेखा पात्रा, मधुरापुर से अशोक पुरकैत, कोलकाता साउथ से देबाश्री चौधरी, कोलकाता उत्तर डॉ. तापस रॉय, उलूबेरिया से अरुण उदय, श्रीरामपुर कबीर शंकर बोस, आरामबाग से अरुप कांति दीगर, तामलुक से जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय, मेदिनीपुर से अग्निमित्र पॉल, बर्धमान पूर्व अशीम कुमार सरकार, बर्धमान-दुर्गापुर से दिलीप घोष.

### ओडिशा

बारगढ़ से प्रदीप पुरोहित, सुंदरगढ़ से जुएल हओराम, संबलपुर से धर्मेंद्र प्रधान, क्योंझार से अनंत नायक, मयूभंज से नाबा चरण माझी, बालासोर से प्रताप चंद्र सारंगी, भद्रक से अभिमन्यु सेठी, ढेंकनाल से रुद्र नारायण पाणी, बलांगीर से संगीता कुमारी सिंह देव, कालाहांडी से मालविका केशरी देव, नबरंगपुर से बलभद्र माझी को उम्मीदवार बनाया है.

वहीं, केंद्र पाड़ा से बैजयंत जय पांडा, जगतसिंहपुर से बिभू प्रसाद तराई, पुरी से डॉ, संबित पात्रा, भुवनेश्वर से अपराजिता सारंगी, अस्का से अनिला शुभदर्शिनी, ब्रह्मपुर से प्रदीप कुमार पाणिग्रही, कोरापुर से कालेराम माझी को उम्मीदवार घोषित किया है.

### राजस्थान

भाजपा ने राजस्थान सात नाम घोषित किए हैं, इनमें गंगानगर से प्रियंका बालन, झुंझनू से शुभकरण चौधरी, जयपुर ग्रामीण से राव राजेंद्र सिंह, जयपुर मंजू शर्मा, ओंक सवाई माधोपुर से सुखबीर सिंह जौनपुरिय, अजमेर से भागीरथ चौधरी, राजसमंद से महिमा विश्वेश्वर सिंह को टिकट दिया है.

### महाराष्ट्र

भाजपा ने महाराष्ट्र की तीन सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया है. रूहां भंडादा गोंदिया से सुनील बाबूराम, गढ़चिरौली से अशोक महादेव राव और सोलापुर सीट से रात सातपुते को मैदान में उतारा है.

### हरियाणा

हरियाणा की कुरुक्षेत्र सीट पर भाजपा ने नवीन जिंदल, हिसार में रणजीत चौटाला, सोनीपत में मोहन लाल बडोली, रोहतक में अरविंद कुमार शर्मा को टिकट दिया है.

### हिमाचल प्रदेश

कांगड़ा सीट पर डॉ. राजीव भारद्वाज को टिकट दिया गया है, मंडी सीट से बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को उतारा गया है.

### झारखंड

भाजपा ने झारखंड की तीन सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए हैं, इनमें दुमका सीट से सीता सोरेन, चतरा से कालीचरण सिंह, धनबाल से ढुलू महतो को उम्मीदवार बनाया गया है.

### कर्नाटक

भाजपा ने कर्नाटक की चार सीटों पर उम्मीदवार का ऐलान किया है, इनमें बेलगाम सीट से जगदीश शेट्टार, रायचूर से राजा अमरेश्वर नायक, उत्तर कन्नड़ से विश्वेश्वर हेगड़े, चिक्कबल्लापुर से डॉ. के सुधार को मौका दिया गया है.

### गुजरात

मेहसाणा सीट से हरिभाई पटेल, साबरकांठा से शोभनाबेन महेंद्र सिंह बरैया, सुरेंद्र नगर से चंदूभाई छगन भाई, जूनागढ़ से राजेश भाई चुडासमा, अमरेली से भरत भाई मनु भाई, वड़ोदरा से हेमंग योगेश चंद्र जोशी को टिकट दिया है.

### केरल

भाजपा ने केरल की वायनाड सीट से राहुल गांधी के खिलाफ के सुरेंद्रन को मैदान में उतारा हे, आलत्तूर सीट से टीएन सरासु, एर्नाकुलम से केएस राधा कृष्णन, कोल्लम से कृष्ण कुमार को उम्मीदवार बनाया है.

### मिजोरम

मिजोरम की एक सीट पर Vanlahmuaka को मौका दिया गया है.

### गोवा

साउथ गोवा से पल्ली श्रीनिवास डेम्पो को उम्मीदवार बनाया है.

### सिक्किम और तेलंगाना

सिक्किम से भाजपा से दिनेश चंद्र नेपाल के नाम का ऐलान किया है, वहीं तेलंगाना में वारंग से अरुरी रमेश, खम्मम से तंद्रा विनोद राव को प्रत्याशी बनाया है.

### आंध्र प्रदेश

आंध्र प्रदेश की अराकू से कोथापल्ली गीता, अनाकापल्ली से सीएम रमेश, राजमुंदरी से डी पुरंदेश्वरी, नरसापुरम से बूपाथिराज् श्रीनिवास वर्मा, तिरुपति से वर प्रसाद राव, राजमपेट से किरण कुमार रेड्डी को टिकट दिया है.

# कांग्रेस को झटका, पूर्व सांसद नवीन जिंदल भाजपा में शामिल

**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** पूर्व कांग्रेस सांसद नवीन जिंदल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इस्तीफे की घोषणा के कुछ देर बाद दिल्ली में भाजपा जॉइन कर ली। जिंदल ने ङ्क पर कांग्रेस छोड़ने की जानकारी दी थी। नवीन जिंदल ने ङ्क पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, 'मैंने 10 वर्ष कांग्रेस पार्टी के कुरुक्षेत्र के सांसद के रूप में संसद में प्रतिनिधित्व किया, मैं कांग्रेस नेतृत्व और तत्कालीन प्रधानमंत्री ष्ठह्म मनमोहन सिंह जी का धन्यवाद करता हूं, आज मैं कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं।' नवीन जिंदल पेशेवर खिलाड़ी भी रहे हैं।



# देशभर में सेलीब्रेशन... उज्जैन के महाकालेश्वर में फूलों की होली, अयोध्या में उमड़े भक्त

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** भद्रा के कारण आज रात 11 बजे के बाद होलिका दहन होगा। इसके लिए शुभ मुहूर्त रात 11 बजे से शुरू होगा। वहीं उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के आंगन से रविवार को देशभर में होली की शुरुआत हुई। आज सुबह भस्म आरती में महाकाल के साथ फूलों की होली खेली गई। भगवान महाकाल का भांग, सूखे मेवों, चंदन, आभूषण और फूलों से राजा स्वरूप में शृंगार किया गया।



अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला की ये पहली होली है। रविवार को अलग-अलग राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामलला के साथ होली मनाई। रामलला की एक तस्वीर भी सामने आई, जिसमें वे गुलाबी पोशाक पहने हुए दिखाई दिए।

वहीं, होली पर अपनों के पास लौटने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा। पर्व से एक दिन पहले लोग बसों और ट्रेनों की टिकटों के लिए लाइन में लगे दिखाई दिए। ट्रेनें पूरी तरह से भरी हुई हैं।

पृष्ठ 1 का शेष

## लंदन में खालिस्तान समर्थक सांसद से मिले राघव चड्ढा?

बता दें कि इन दिनों राघव अपने आखों के इलाज के लिए लंदन में है।

**राघव चड्ढा के साथ क्या कर रही खालिस्तानी समर्थक?**

बीजेपी आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'X' (पूर्व में ट्विटर) पर आप सांसद राघव चड्ढा की एक तस्वीर पोस्ट की है जिसमें वह ब्रिटिश लेबर सांसद प्रीत गील के साथ नजर आ रहे है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए मालवीय ने लिखा, 'जेल में बंद दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल कहती हैं, 'भारत के भीतर और बाहर कई ताकतें हैं जो देश को कमजोर कर रही हैं। हमें सतर्क रहना होगा, इन ताकतों को पहचानना होगा और उन्हें हराना होगा।' अमित मालवीय ने सुनीता केजरीवाल के बयान पर अपनी पूरी सहमति जताई।

### अमित मालवीय ने सुनीता केजरीवाल से पूछे सवाल

मालवीय ने सुनीता केजरीवाल से सवाल किया कि आप सांसद राघव चड्ढा ब्रिटिश लेबर सांसद प्रीत के गिल के साथ क्या कर रहे हैं? प्रीत गील जो खुले तौर पर खालिस्तान अलगाववाद की वकालत करती है, ब्रिटेन में खालिस्तान के लिए धन जुटाती है, लंदन में इंडिया हाउस के बाहर हिंसक विरोध प्रदर्शन के लिए धन देती है, अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लगातार भारत विरोधी, मोदी विरोधी, हिंदू विरोधी सामग्री पोस्ट करती है?

**लंदन में क्यों है राघव चड्ढा?**

मालवीय ने कहा कि भारत में चुनावों की घोषणा हो चुकी है। लेकिन, अरविंद केजरीवाल का नीली आंखों वाला लड़का राघव चड्ढा लंदन में है! क्यों? चड्ढा प्रीत गिल के संपर्क में क्यों हैं? हमें मीडिया प्लांटों के माध्यम से पता चला कि वह आंख की सर्जरी के लिए यूके में हैं। अगर हां, तो दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं में परिवर्तन का क्या हुआ? क्या दिल्ली मॉडल एक दिखावा है? वह आंखों की सर्जरी दिल्ली सरकार के अस्पताल में क्यों नहीं बल्कि विदेश में करवा रहे हैं? AAP नेताओं से बहुत सारे सवाल, लेकिन कोई जवाब नहीं।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24 भारत के मन की बात
के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247, 97804-00247






# होली मनाने के पीछे की कहानी क्या है? जानिए होली मनाने की शुरुआत कैसे हुई



## होली क्यों मनाई जाती है?

होली एक हिंदू त्योहार है जो प्राचीन काल से मनाया जाता रहा है. होली का त्योहार वसंत ऋतु का स्वागत करने के एक तरीके के रूप में मनाया जाता है, और इसे एक नई शुरुआत के रूप में भी देखा जाता है. ऐसा कहा जाता है कि होली उत्सव के दौरान लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर आनंद लेते हैं. त्योहार के पहले दिन, प्रतीकात्मक रूप से सभी बुराइयों को जलाने और एक रंगीन और नए भविष्य की शुरुआत करने के लिए अलाव जलाया जाता है.

होली महोत्सव में लोग बहुत से रंग एक-दूसरे पर फेंकते हैं. धार्मिक अर्थ में ये रंग प्रतीकात्मकता से समृद्ध होते हैं और उनके कई अर्थ भी होते हैं. कुछ लोगों के लिए होली का मतलब खुद को बुराइयों और राक्षसों से साफ करना होता है. होली बुराई पर धर्म की जीत की कहानियों से गूंजती है. ऐसी ही एक किंवदंती भगवान कृष्ण और राधा के बीच के मधुर बंधन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो विविधता के बीच एकता का प्रतीक है. इस पौराणिक कहानी के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण ने अपनी शरारती भावना से, खेल-खेल में राधा रानी के चेहरे पर रंग लगाया, जिससे होली की परंपरा की शुरुआत हुई.

एक पौराणिक कथा के अनुसार होली को राजा हिरण्यकशिपु, उनके समर्पित पुत्र प्रहलाद और दुष्ट होलिका की कहानी से जोड़ती है. भगवान विष्णु के प्रति प्रहलाद की अटूट भक्ति के कारण उसके पिता को क्रोध आया, जिसके कारण होलिका ने एक विश्वासघाती योजना बनाई. हालांकि, दैवीय हस्तक्षेप ने बुराई को विफल कर दिया, जिससे होलिका दहन की शुरुआत हुई और अंधकार पर अच्छाई की जीत का स्थायी उत्सव मनाया गया.

## होली मनाने के पीछे की कहानी क्या है?

**हिंदू धर्म में बुराई पर अच्छाई की विजय हिरण्यकशिपु की कहानी में बताई जाती है. पौराणिक कथा के अनुसार, हिरण्यकशिपु एक प्राचीन राजा था जो अमर होने का दावा करता था और भगवान के रूप में पूजे जाने की मांग करता था. उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु की पूजा करने के प्रति अत्यधिक समर्पित था इसलिए हिरण्यकशिपु इस बात से क्रोधित था कि उसका पुत्र उसके स्थान पर इस भगवान की पूजा करता था. इससे क्रोधित होकर हिरण्यकशिपु अपने बेटे प्रह्लाद को यातनाएं देता था. ऐसे में एक दिन भगवान विष्णु आधे शेर और आधे मनुष्य के रूप में प्रकट हुए और हिरण्यकशिपु का वध कर दिया. इस तरह, अच्छाई ने बुराई पर विजय पा ली. होली महोत्सव से जुड़ी एक और पौराणिक कहानी राधा और कृष्ण से जुड़ी है. भगवान विष्णु के आठवें अवतार के रूप में, श्री कृष्ण को कई लोग सर्वोच्च भगवान के रूप में देखते हैं. ऐसा कहा जाता है कि कृष्ण का रंग नीला था क्योंकि किंवदंती के अनुसार, जब वह शिशु थे तो उन्होंने एक राक्षस का जहरीला दूध पी लिया था. कृष्ण को देवी राधा से प्रेम हो गया, लेकिन उन्हें डर था कि उनका नीला रंग देखकर राधा उनसे प्रेम नहीं करेंगी लेकिन राधा ने कृष्ण को अपनी त्वचा को रंग से रंगने की अनुमति दी, जिससे वे एक सच्चे जोड़े बन गए. होली पर लोग कृष्ण और राधा के सम्मान में एक-दूसरे की पर रंग लगाते हैं.**

हिंदू परंपराओं से प्रेरित होली, दिवाली के बाद आने वाले सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है. यह कुछ जगह पर दो दिनों तक चलता है जिसकी शुरुआत होलिका दहन से होती है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है.

यह दिन उत्साहपूर्ण रंग खेलने और सौहार्दपूर्णता को बढ़ाने का होता है. होली महोत्सव या रंगों का त्योहार एक आकर्षक सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव है जिसमें रंग खेलने के अलावा और भी बहुत कुछ शामिल है. इस लेख में, आप होली कब है और इस उत्सव के पीछे की धार्मिक परंपराओं की एक झलक पाएंगे और साथ ही आपको बताएंगे कि होली को मनाने की शुरुआत कैसे हुई थी.

### होली मनाने की पीछे की वजह

मथुरा, वृंदावन और अन्य पवित्र स्थलों सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में, होली भक्ति और उल्लास के साथ मनाई जाती है. बड़े उत्सवों में वृंदावन की फूलवाली होली और बरसाना की लठमार होली शामिल हैं. यह उत्सव दो दिनों तक चलता है, जिसकी शुरुआत होलिका दहन से होती है जो बुराई को खत्म करने का प्रतीक है. होली को कुछ जगहों पर धुलेंडी के नाम से भी जाना जाता है.

भारत के सबसे बड़े उत्सवों में से एक होली रंगों, उत्साह और कई अन्य चीजों के साथ वसंत ऋतु का प्रतिनिधित्व करने वाला एक आनंदमय त्योहार है. हर साल हम बुराई पर अच्छाई की जीत मनाने के लिए इस दिन को मनाते हैं, जो मार्च की शुरुआत में फाल्गुन महीने में आता है. हालांकि होली एक प्राचीन हिंदू त्योहार है लेकिन यह लगभग पूरी दुनिया में मनाया जाता है. इस साल रंगों का त्योहार 25 मार्च 2025, सोमवार को मनाया जाएगा.

### होली की रस्में और परंपराएं

होली केवल उल्लास का एक दिन नहीं है बल्कि यह परंपराओं और अनुष्ठानों से भरा दो दिवसीय त्योहार है. आइए उन खास उत्सवों के बारे में जानें जो होली को इतना खास बनाते हैं-

**होलिका दहन ( होलिका जलाना )** : यह अनुष्ठान मुख्य होली समारोह से पहले शाम को होता है. होलिका दहन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक अलाव जलाया जाता है. लोग अलाव के चारों ओर इकट्ठा होते हैं, भक्ति गीत गाते हैं और प्रार्थना करते हैं. इस साल होलिका दहन 24 मार्च 2024 को किया जाएगा.

**रंगवाली होली ( रंगों का दिन )** : यह होली का मुख्य दिन है, जहां रंगों को उछालना और एक-दूसरे को रंग लगाने पर केंद्रित होता है. लोग, युवा और बूढ़े, रंगीन पानी और गुलाल से भरी पिचकारियों से लैस होकर एक साथ आते हैं. इस साल होली का त्योहार होलिका के अगले दिन यानी 25 मार्च 2024 को बनाया जाएगा.

# होली पर लगने वाला है चंद्र ग्रहण, जानें भारत में सूतक काल लगेगा या नहीं

हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि की रात होलिका दहन होता है. फिर अगले दिन रंग वाली होली खेली जाती है. इस साल होली का त्योहार 25 मार्च को मनाया जाएगा. हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार होली के दिन साल का पहला चंद्र ग्रहण भी लगने वाला है. ज्योतिष गणना के मुताबिक, यह चंद्र ग्रहण कन्या राशि में लगेगा. यह एक उपच्छाया चंद्र ग्रहण होगा. आइए जानते हैं कि यह चंद्र ग्रहण कहां-कहां दिखेगा और भारत में इसका सूतक काल मान्य होगा या नहीं.

**कब लगेगा चंद्र ग्रहण?** : साल का पहला चंद्र ग्रहण सोमवार, 25 मार्च को होली के दिन लगेगा. यह चंद्र ग्रहण सुबह 10 बजकर 24 मिनट से लेकर दोपहर 03 बजकर 01 मिनट तक रहेगा.



यानी चंद्र ग्रहण की कुल अवधि 4 घंटे 36 मिनट की होगी.

**क्या भारत में दिखेगा चंद्र ग्रहण?**

खगोलविदों की मानें तो होली के दिन लगने वाला चंद्र ग्रहण भारत में दृश्यमान नहीं होगा. यह चंद्र ग्रहण उत्तर-पूर्व एशिया, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, जापान, रूस, आयरलैंड, इंग्लैंड, स्पेन, पुर्तगाल, इटली, प्रशांत, अटलांटिक और आर्कटिक महासागर जैसी जगहों से दिखाई पड़ेगा.

**सूतक काल मान्य होगा लगेगा?**

चंद्र ग्रहण शुरू होने से लगभग 9 घंटे पहले सूतक काल लग जाता है. चूंकि यह चंद्र ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं है. सूतक काल में देवी-देवताओं की पूजा या अनुष्ठान जैसे शुभ कार्य नहीं किए जाते हैं. लेकिन इस चंद्र ग्रहण में आप इसके लिए बाध्य नहीं हैं.

**क्या होता है उपच्छाया ग्रहण?**

25 मार्च को लगने वाला चंद्र ग्रहण एक उपच्छाया चंद्र ग्रहण होगा. आप सोच रहे होंगे कि आखिर ये उपच्छाया चंद्र ग्रहण क्या होता है. दरअसल, कोई भी चंद्र ग्रहण शुरू होने से पहले चंद्रमा धरती की उपच्छाया में प्रवेश करता है, जिसे चंद्र मालिन्य कहते हैं. इसमें चंद्रमा धरती की उपच्छाया में प्रवेश कर वहीं से बाहर हो जाता है और तब उसका स्वरूप धुंधला दिखाई पड़ता है. इसे उपच्छाया चंद्र ग्रहण कहते हैं.

**चंद्र ग्रहण का राशियों पर असर**

25 मार्च को लगने वाला चंद्र ग्रहण मिथुन, सिंह और मकर राशि के जातकों के लिए शुभ माना जा रहा है. इन राशियों को आर्थिक, सामाजिक और सेहत के मोर्चे पर लाभ प्राप्त हो सकता है. जबकि पांच राशि के जातकों को इससे संभलकर रहने की सलाह दी जाती है. यह चंद्र ग्रहण मेष, कर्क, कन्या, कुंभ और मीन राशि के जातकों की समस्या बढ़ा सकता है.

**चंद्र ग्रहण से पहले होलिका दहन**

साल का पहला चंद्र ग्रहण 25 मार्च को लगेगा. इससे ठीक एक दिन पहले यानी 24 मार्च को होलिका दहन होगा. इस दिन होलिका दहन का मुहूर्त रात 11 बजकर 12 मिनट से लेकर रात 12 बजकर 07 मिनट तक रहेगा.

**गर्भवती महिलाएं न करें ये गलतियां**

1. चंद्रग्रहण के समय गर्भवती महिलाओं को घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए.
2. ग्रहण के दौरान गर्भवती महिलाओं को खाना पकाने या खाने से बचना चाहिए.
3. गर्भवती महिलाएं भूलकर भी चाकू-कैंची या किसी भी धारदार चीज का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए.

**चंद्र ग्रहण के दौरान बरतें ये सावधानियां**

1. चंद्र ग्रहण के दौरान क्रोध न करें, क्रोध करने से अगले 15 दिन आपके लिए खतरनाक हो सकते हैं.
2. चंद्र ग्रहण के दौरान भोजन ग्रहण न करें. साथ ही पूजा पाठ करना भी वर्जित माना जाता है.




# मान दिल्ली में केजरीवाल के लिए विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं जबकि पंजाब में लोग मर रहे हैं : भाजपा



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** भाजपा ने शनिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बहुत दुखद है कि वह ऐसे समय में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए यहां आए हैं जब पंजाब में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई है।भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा पर उनकी लंदन यात्रा को लेकर भी निशाना साधा और पूछा कि उन्होंने ब्रिटिश लेबर पार्टी सांसद प्रीत के. गिल के साथ बैठक क्यों की, जो खुलकर अलगाववाद का समर्थन करती हैं। पंजाब के संगरूर में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से छह और लोगों की मौत के बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 20 हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

निर्वाचन आयोग ने शनिवार को इस मामले पर पंजाब के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से तत्काल रिपोर्ट मांगी। पुलिस ने इस मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, ''यह बहुत ही दुख की बात है। इस घटना में मारे गए लोगों के परिजनों की दुर्दशा के प्रति भाजपा बेहद संवेदनशील है। पात्रा ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, ''यह भी बहुत दुखद है कि ऐसे समय में जब पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को इस मुद्दे को संभालने के लिए अपने राज्य में होना चाहिए था, वह अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए दिल्ली आए हुए हैं।

# 11वीं के छात्र ने 6 लाख की सुपारी देकर शूटरों से करवा दी पिता की हत्या, वजह कर देगी हैरान



**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में एक सोलह साल के लड़के ने कांड कर सभी को हैरान कर दिया। उसने रिश्ते का खून कर दिया। पुलिस ने खुलासा किया है कि 50 वर्षीय फर्नीचर व्यापारी मो. नईम की गोली मारकर हत्या 11वीं में पढ़ने वाले उसके इकलौते बेटे ने ही कराई थी। घटना के बाद से ही बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस ने तीन आरोपितों को जेल भेज दिया। जबकि बेटा नाबालिग होने के कारण प्रयागराज के बाल सुधारगृह भेजा गया।

अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी दुर्गेश सिंह ने पत्रकारों को बताया कि 21 मार्च को पट्टी के बाईपास रोड पर बेटे को कॉलेज छोड़ने जाते समय फर्नीचर व्यापारी मो. नईम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से आरोपितों को चिह्नित करने के दौरान बेटे की भूमिका संदिग्ध लगी तो उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने बताया कि वह दुकान और घर से रुपये व जेवर चोरी कर अपना खर्च चलाता था। पिता रुपये देने से इनकार करते थे और उस पर कई तरह की पाबंदी भी लगाते थे। पहले उसने खुद ही दोस्तों के साथ पिता की हत्या का प्लान बनाया था। कामयाब न होने पर तीन शूटरों से बात की। शूटरों ने छह लाख रुपये मांगे थे। उसने 16 मार्च को शूटरों को 50 हजार रुपये नकद दिया था। 19 मार्च को फिर से 75 हजार रुपये नकद दिया और 25 हजार रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर किया था।

कल्लूडॉन ने पीयूष पाल और कंधई के चंदुआपट्टी निवासी आकाश गुप्ता के साथ हत्या को अंजाम दिया था। हत्या में शामिल तीन आरोपितों को स्वॉट टीम प्रभारी सुनील यादव, पट्टी कोतवाल आलोक कुमार सिंह ने शनिवार सुबह इलाके के भरोखन नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया।

पकड़े गए आरोपितों में कंधई तरदहा के भानुप्रताप पाल का बेटा पीयूष, पट्टी कुम्हिया के साईलाल सोनी का बेटा शुभम, पट्टी मेला ग्राउंड के संजय मिश्र का बेटा प्रियांशु उर्फ गोलू शामिल हैं। जबकि कल्लूडॉन और आकाश अभी फरार हैं।



# सिद्धू मूसेवाला के पिता ने सरकार को सौंपे बच्चे के दस्तावेज

**जालंधर ( जतिन चौहान ) :** दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला की माता चरण कौर और नन्हें शुभदीप सिंह सिद्धू को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वहीं सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने नवजात बच्चे से जुड़े सभी दस्तावेज प्रदेश सरकार को सौंप दिए हैं। केंद्र और राज्य सरकार से नोटिस मिलने के बाद सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने नवजात बच्चे से जुड़े सभी दस्तावेज सौंप दिए हैं। अगर सरकार और जानकारी मांगेगी तो वह भी उपलब्ध कराएंगे। बलकौर सिंह ने भी माना है कि आईवीएफ का विदेश में इलाज हुआ और बच्चे का जन्म पंजाब में हुआ। इतना ही नहीं, आईवीएफ के जरिए गर्भवती होने के बाद सरकारी अस्पताल में जरूरी इलाज भी कराया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पंजाब सरकार को पत्र लिखकर मामले पर रिपोर्ट मांगी है। पत्र में सहायक प्रजनन प्रौद्योगिकी अधिनियम का उल्लेख है। इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) तकनीक के जरिए बच्चा पैदा करने के लिए महिला की उम्र 21 से 50 साल के बीच होनी चाहिए, लेकिन सिद्धू की मां चरण कौर 58 साल की उम्र में इस तकनीक के जरिए गर्भवती हुईं और एक बच्चे को जन्म दिया है।

# पंजाब जहरीली शराब हत्याकांड पर बड़ा खुलासा, संगरूर जेल में ही बनाई थी प्लानिंग, 4 हजार बोतलें होनी थी सप्लाई



**जालंधर ( सूरभि शर्मा ) :** पंजाब में जहरीली शराब कांड की प्लानिंग संगरूर जेल में हुई थी। संगरूर जेल में हुई ये प्लानिंग कोई षड्यंत्र तो नहीं, अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) इसकी जांच कर रही है। जहरीली शराब का यह कांड एक षड्यंत्र भी हो सकता है कि पूरे पंजाब में 4 हजार जहरीली शराब की बोतलों की सप्लाई की जानी थी।

# पंजाब में PRTC Bus के साथ भयानक हादसा, सवारियों में मची चीख पुकार

**जालंधर ( हिमांशु ) :** पटियाला से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। जानकारी मिली है कि पटियाला में बने नए बस स्टैंड के पास पी.आर.टी.सी. बस और ट्रक के बीच जबरदस्त टक्कर हुई है। हादसे दौरान बस पलट गई और सवारियों में चीख-पुकार मच गई। हादसा तड़कसार 4 बजे का बताया जा रहा है।हादसे के बाद घायल सवारियों को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती करवाया गया जिसमें ड्राइवर और कंडक्टर को गंभीर चोटें आई हैं। वहीं बताया जा रहै कि यह बस शिमला से बठिंडा जा रही थी। जानकारी के अनुसार बस में 20 सवारियां बैठी थी।






